कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, गोपालगंज

योगेश कुमार (बि.शि.से.)
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
गोपालगंज

पिन कोड– 841428
मो०- +91 8544411336
E-mail :deogopalganj.edn@gmail.com

कार्यालय आदेश

समीक्षा के क्रम में पाया गया है कि उच्चतर माध्यमिक विधालयों में पदस्थापित कम्प्युटर शिक्षकों के कार्यों तथा उत्तरदायित्यों को लेकर अस्पष्टता की स्थिति है। उक्त के आलोक में जिला अंतर्गत कार्यरत सभी कंप्यूटर विज्ञान शिक्षकों को निम्नलिखित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है –

1. जिन विद्यालयों में कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों द्वारा कंप्यूटर विज्ञान विषय का चयन किया गया है, वहां निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार नियमित रूप से शिक्षण कार्य संपादित करेंगे तथा समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण कराएंगे।
2. कक्षा 9 एवं 10 के विद्यार्थियों को विभागीय SOP एवं निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार सप्ताह में न्यूनतम 03 (तीन) दिवस कंम्प्युटर शिक्षा और ICT Lab का कार्य करायेंगे (यदि ICT Lab उपलब्ध है।)
3. जिन विधालयों में कम्प्युटर विज्ञान के विधार्थी नहीं हैं वहॉ पर कम्प्युटर विज्ञान के शिक्षकों से वर्ग 9-10 में विज्ञान तथा वर्ग 11-12 में भौतिकी/रसायन विज्ञान/गणित के विषयों का अध्यापन आवश्यकतानुसार कराया जा सकता है।
4. विद्यालय के UDISE+, eShikshakosh एवं अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी/ के सफल संचालन ऑनलाइन कार्यों हेतु वर्ग शिक्षकों एवं अन्य शिक्षकों को आवश्यक तकनीकी सहयोग एवं प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, ताकि संबंधित कार्य समय पर पूर्ण हो सकें।
5. जिन विद्यालयों में ICT Instructor उपलब्ध नहीं हैं, वहां कंप्यूटर लैब, ICT उपकरणों एवं डिजिटल संसाधनों के संचालन, उपयोग, रख रखाव तथा-ICT लैब से संबंधित अन्य तकनीकी कार्यों का दायित्व कंप्यूटर विज्ञान शिक्षक द्वारा निर्वहन किया जाएगा।

उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन कंप्यूटर विज्ञान शिक्षक एवं विद्यालय प्रधानध्यापक अक्षरश: सुनिश्चित करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ करेंगे।

ह०/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
गोपालगंज।

ज्ञापांक..694....गोपालगंज,दिनांक..03.06.26।

प्रतिलिपि:- सभी प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक/ माध्यमिक, उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:- सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:- सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

03/6/26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
गोपालगंज।

YOGESH

Scanned with OKEN Scanner